## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–03 जुलाई 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- हाथरस में भगदड़ मचने से एक सौ सोलह लोगों की मौत। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे की जांच के दिये निर्देश। मृतकों के परिजनों को पीएम राहत कोष से दो–दो लाख रूपये और प्रदेश सरकार की ओर से भी दो–दो लाख रूपये के मुआवजा देने की भी घोषणा।
- प्रधानमंत्री ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए कहा– सरकार की नीतियों और नीयत पर जनता को है भरोसा।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुयी कैबिनेट बैठक में यूपी एग्रोटेक नीति–दो हजार चौबीस सहित ग्यारह प्रस्तावों को मिली मंजूरी।
- प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश का सिलसिला जारी। बीते चौबीस घंटों में गोंडा में हुई सर्वाधिक 143 मिलीमीटर वर्षा। मौसम विभाग ने प्रदेश के छह जनपदों के लिए जारी किया ऑरेंज अलर्ट।

**********

हाथरस जिले के फुलराई मुगलगढ़ी गांव में कल एक धार्मिक सभा में भगदड़ मचने से 116 लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गए। मृतकों में 100 से अधिक महिलाएं और सात बच्चों सहित अन्य शामिल हैं। शवों के पहचान की प्रक्रिया जारी है, घायलों का नजदीकी अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथरस जिले में हुए हादसे में मरने वालों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनके समुचित उपचार और मौके पर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने एडीजी आगरा और कमिश्नर अलीगढ़ के नेतृत्व में घटना के कारणों की जांच 24 घंटे में पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री ने पीएम राहत कोष से दो–दो लाख रूपये और घायलों को पचास–पचास हजार रूपये की आर्थिक सहायता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख रूपये और घायलों को पचास–पचास हजार रूपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की हैं। कार्यक्रम आयोजकों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की गई है।

प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने देर रात घटना स्थल का दौरा कर जायजा लिया। मुख्य सचिव ने बताया कि हादसे में मृत 116 लोगों में से 72 लोगों की पहचान हो गई है। उन्होंने बताया सत्संग के लिए 80 हजार लोगों के एकत्र होने की अनुमति ली गई थी। लेकिन, ज्यादा लोगों के एकत्र होने से हालात बेकाबू हो गए हैं। हादसे के पीड़ितों की हरसंभव मदद की जायेगी। प्रशासन की ओर से जारी किया गया हेल्पलाइन नम्बर है– 05722–227041।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल लोकसभा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में जवाब देते हुए कहा कि उनकी सरकार पूरी तरह से इंडिया फर्स्ट के आदर्श वाक्य पर चलती रही है और भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की उसकी नीति को हाल के लोकसभा चुनावों में लोगों का समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने सबके लिए न्याय और किसी का तुष्टिकरण नहीं करने की नीति का पालन किया है।

श्री मोदी ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह विपक्ष की पीड़ा समझ सकते हैं, क्योंकि गलत सूचना फैलाने के बावजूद उन्हें लोकसभा चुनावों में करारी हार का सामना करना पड़ा है। श्री मोदी ने आम चुनाव में परिपक्वता और समझदारी दिखाने के लिए देश की जनता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि लोगों ने उनकी सरकार की नीतियों, नीयत और समर्पण पर भरोसा किया है और इसी वजह से एनडीए को लगातार तीसरी बार सत्ता में वापस लाये हैं। प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान विपक्षी सांसदों ने अलग–अलग मुद्दों पर सदन में विरोध प्रदर्शन किया।

अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष के आचरण पर नाराजगी व्यक्त की और उनसे सदन में व्यवस्था बनाए रखने का आग्रह किया, लेकिन उन्होंने नारेबाजी जारी रखी।

इससे पहले लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा में भाग लेते हुए समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि भारत के दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के बावजूद प्रति व्यक्ति आय अब भी कम है।

***कहने को सरकार ये कहती है कि ये फिफ्थ लारजेस्ट इकोनॉमी बन गई है और जीडीपी के मामले में फिफ्थ वर्ल्ड की इकोनॉमी बन गई है। लेकिन अध्यक्ष महोदय ये सरकार क्यों छिपाती है कि अगर ये हमारी लारजेस्ट इकोनॉमी अगर पांचवें नंबर पर है तो हमारे देश की हर केपेटाइ इंकम प्रति व्यक्ति आय हमारे किस स्थान पर पहुंची है।***

**********

'नीट' पेपर लीक मामले में गिरफ्तार आरोपी जलील खान पठान और संजय जाधव को 6 जुलाई तक केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई की हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले के तार लातूर से जुड़े होने के कारण इसकी जांच सीबीआई को सौंप दी गई थी। सीबीआई ने मामले की गहन जांच के लिए आरोपियों की हिरासत की मांग की थी। आरोपियों के वकीलों ने दोनों आरोपियों की न्यायिक हिरासत की मांग करते हुए कहा था कि लातूर पुलिस इस मामले की जांच पहले ही पूरी कर चुकी है। हालांकि, न्यायालय ने दोनों आरोपियों को सीबीआई की हिरासत में भेज दिया है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कल हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में यूपी एग्रोटेक नीति–2024 सहित 11 प्रस्ताव पारित हुए। कैबिनेट बैठक के बाद वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने प्रेसवार्ता कर सरकार के फैसलों के बारे में जानकारी दी। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि उत्तर प्रदेश एग्रोटेक नीति 2024 पर कैबिनेट में प्रस्ताव पारित होना किसान हित में सरकार का बड़ा कदम है। किसानों के लिए डिजिटल रजिस्ट्री कार्यक्रम की शुरुआत के साथ कृषि विकास दोगुना करने का लक्ष्य है। पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि पशुधन कुक्कुट एवं मत्स्य आहार प्रोत्साहन नीति 2024 और उत्तर प्रदेश चारा नीति 2024 को मंजूरी प्रदान की गयी है। इससे प्रदेश के किसान समृद्ध होंगे। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि बैठक में वेतन समिति की संस्तुतियों को मंजूरी मिल गयी है। 656 सिक्योरिटी गार्डों, 2130 अध्यापकों के मानदेय में वृद्धि, सिक्योरिटी गार्डों के प्रोत्साहन भत्ते में वृद्धि का फैसला लिया गया है। इस फैसले के तहत राज्यपाल और मुख्यमंत्री के सिक्योरिटी गार्डर्स को भी लाभ मिलेगा।

संसदीय कार्यमंत्री ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा विभाग के एक अन्य फैसले में अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के एड हॉक शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए 2200 शिक्षकों को 25 हजार से 30 हजार मानदेय पर नियुक्ति को मंजूरी मिली है। सुरेश खन्ना ने बताया कि लखनऊ और वाराणसी में दिल्ली के भारत मण्डपम की तर्ज़ पर कन्वेंशन सेंटर बनाने के लिए काम होगा।

बैठक में स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन एक्ट बनाने के लिए प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है। इसके तहत उत्तर प्रदेश देश का चौथा राज्य होगा, जिसमें यह एक्ट लागू होगा। उत्तर प्रदेश में इसका नाम नोडल इन्वेस्टमेंट रीजन फ़ॉर मैन्युफैक्चरिंग होगा। वर्तमान में 3 राज्य गुजरात, कर्नाटक, राजस्थान में यह एक्ट लागू है।

**********

शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 के लिए पात्र शिक्षकों से नामांकन आमंत्रित किया है। ऑनलाइन नामांकन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई है। मंत्रालय ने कहा कि इस वर्ष जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर तीन चरणों की चयन प्रक्रिया के माध्यम से कुल 50 शिक्षकों का चयन किया जाएगा। यह पुरस्कार 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रदान किया जाएगा। योग्य शिक्षक अपना नामांकन मंत्रालय के पोर्टल www-nationalawardstoteachers.education.gov.in पर भेज सकते हैं।

**********

प्रदेश के अधिकांश जनपदों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज इलाहाबाद, चित्रकूट, कौशाम्बी, औरैया, इटावा और आगरा के लिए बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। बीते चौबीस घंटों में सर्वाधिक 143 मिलीमीटर बारिश गोण्डा में दर्ज की गई। इसके अलावा कुशीनगर में 122 मिलीमीटर और लखीमपुर खीरी में 106 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में रूक–रूककर बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। उधर, प्रदेश में बीते 24 घंटे में आकाशीय बिजली और डूबने से नौ लोगों की मौत हो गयी। राहत आयुक्त कार्यालय से जारी बुलेटिन के अनुसार प्रदेश में कहीं भी अभी बाढ़ की स्थिति नहीं है। बदायूं, मैनपुरी और एटा में अतिवृष्टि से एक–एक व्यक्ति और बलरामपुर, फतेहपुर में डूबने से एक–एक व्यक्ति की जान गई है। देवरिया और गोरखपुर में आकाशीय बिजली गिरने से दो–दो लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा अमरोहा में मकान गिरने से एक परिवार के 2 लोगों की मौत हो गई।

**********